हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 सितंबर 2025

04 मोटर दुर्घटना में पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा दिलाने मप्र ...



07 शव रखकर पुलिस पर लगाए आरोप पैरोल पर...





### मां की साधना-आराधना से शत्रुओं का होता है स्तम्भन, आज से मंदिर पर लगेगा भक्तों का तांता

# शारदीय नवरात्रि पर विशेष : नलखेड़ा में है पाण्डव कालीन मां बगलामुखी का मंदिर

राजेंद्र सकलेचा ▶▶ नलखेड़ा

नगर में स्थित प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी का मंदिर शक्ति एवं शक्तिमान के सम्मिलित प्रभाव से यहां पर की जाने वाली साधना-आराधना अनन्त गुना फलप्रदा होती है। जब कभी शत्रु का भय हो तो बगलामुखी की साधना-आराधना आराधक को फलदायी रहती है वहीं मां की आराधना से शत्रु का स्तम्भन भी होता है। बगलामुखी मंदिर में स्थापित प्रतिमा महाभारत कालीन है, यहां पाण्डवों ने भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर मां की आराधना कर विजयश्री का वरदान प्राप्त किया था। मां बगलामुखी का वर्णन कालीपुराण में मिलता है। वर्ष की दोनों नवरात्रि के दौरान इस मंदिर पर भक्तों का तांता लगा रहता है, वहीं शारदीय नवरात्रि के दौरान तंत्र साधना के लिए तांत्रिकों का जमावड़ा भी यहां लगा रहता है। नवरात्रि पर्व के साथ अन्य दिनों में इस मंदिर पर नेता, मंत्री, अभिनेता व बड़े अफसरों की भी मां के दर पर हाजिरी लगती है।







### त्रिशक्ति के रूप में मंदिर में विराजित मां

आगर जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर नलखेड़ा में पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामखी का मंदिर है। जहां त्रिशक्ति मां विराजित है। बीच में मां बगलामुखी, दाएं मां लक्ष्मी तथा बाएं मां सरस्वती। नवरात्रि पर्व के दौरान यहां देश के कई स्थानों के साथ ही विदेशों से भी माता भक्त लाखों की संख्या में पहुंचते हैं, जो अपनी मनोकामना की पूर्ति हेतु विशेष हवन-अनुष्ठान यहां पर करते हैं।

### दस महाविद्याओं में बगलामुखी का है विशेष महत्व

प्राचीन तंत्र ग्रंथों में दस महाविद्याओं का उल्लेख मिलता है। उनमें से अष्टम महाविद्या है मां बगलामुखी। मां भगवती बगलामुखी का महत्व समस्त देवियों में सबसे विशिष्ट है। शास्त्रों के अनुसार इस देवी की साधना-आराधना से शत्रुओं का स्तम्भन हो जाता है, यह साधक को भोग और मोक्ष दोनों ही प्रदान करती है।

### 257 वर्ष पूर्व बनवाया था सूबेदार ने सभा मंडप

ग्वालियर रियासत के एक सूबेदार ने संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होने पर गर्भ गृह के बाहर सोलह खम्भों वाला आराधना स्थल (सभा मंडप) विक्रम संवत 1815, सन 1759 में पंडित ईबु जी मार्गदर्शन में दक्षिणी कारीगर तुकाराम द्वारा निर्मित किया गया था। यह मंदिर सैकड़ों वर्षों से ही नहीं अपितु सैकड़ों पीढ़ियों से भक्तों के विश्वास का महत्वपूर्ण आधार बनकर नलखेड़ा जिला-आगर में लखुन्दर के पावन तट पर स्थित है।

### घट स्थापना के साथ ज्वारे बोए जाएंगे

मां बगलामुखी के मुख्य पुजारी गोपालदास, मनोहरदास पण्डा ने बताया कि इस बार तिथि की बढ़ोतरी होने से नवरात्रि का पर्व 10 दिनों तक मनाया जाएगा। नवरात्रि के पर्व पर माता मंदिर मे घट स्थापना के साथ ही पांच प्रकार के धान को मिट्टी के साथ मिलाकर ज्वारे बोए जाते हैं, फिर इसे प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा पानी सुबह-शाम डाला जाता है। चार-पांच दिन बाद ज्वारे अच्छे से निकलना प्रारंभ हो जाते है। उन्होने बताया कि नवरात्रि के अंतिम दिन 1 अक्टूबर की रात्रि को माता की महाआरती के बाद ज्वारे की बाड़ी उठाई जाएगी तथा ढोल-ढमाकों के साथ मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी पर विसर्जन का कार्यक्रम होता है।

### कई स्थानों से आएंगी चूनर यात्राएं

मां बगलामुखी मंदिर पर नवरात्रि पर्व के दिनों में नगर विभिन्न मोहल्लों से चूनर यात्रा निकाली जाएंगी, वहीं तहसील क्षेत्र के कई ग्रामों से चूनर यात्राओं का नलखेड़ा आगमन होगा। सभी स्थानो से माता भक्त पैदल यात्रा कर चूनर लेकर नलखेड़ा पहुचेंगे। जहां नगर में भी यात्राओं का चल समारोह निकाला जाकर माता के चरणों में चूनर समर्पित की जाएगी।


### कई देवी-देवताओं का भी है वास



मंदिर आहते में स्थित काल भैरव की चमत्कारी प्रतिमा स्थापित है जो उज्जैन स्थित काल भैरव के समान मद्यपान का सेवन करती है। मंदिर के आहते में ही वीर हनुमान, राधा कृष्ण व महांकाल मंदिर भी स्थित है। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर सहित अंचल के कई देवी मंदिरो में घट स्थापना के कार्यक्रम होंगे, वहीं शक्ति उपासना के लिए भक्तों का ताता लगेगा। पर्व के दिनो में कई स्थानो से चुनर यात्राए भी नलखेड़ा आवेगी। मां बगलामुखी मंदिर सहित नगर के कई अन्य माता मंदिरों के साथ बड़ागांव स्थित चामुंडा माता मंदिर, सुईगांव स्थित चैंसठ योगनी माता मंदिर पर भी पर्व को लेकर विशेष तैयारिया की जा रही है। नगर के विभिन्न मोहल्लों मे भी नवरात्रि पर्व पर मां की प्रतिमाएं स्थापित कर वहां पर प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ गरबो की सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### आज से घट स्थापन के साथ शारदीय नवरात्र प्रारंभ

## बिजासन माता मंदिर प्रांगण में रंग रोगन कर की आकर्षक सजावट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

आदि शक्ति मां दुर्गा की भक्ति का महापर्व नवरात्र 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। आज घट स्थापना के साथ नो दिनों तक मां आदि शक्ति की विशेष पूजा अर्चना होगी। जिसको लेकर माता के आगमन के लिए भक्त माता के स्वागत की तैयारी में लगे हैं। इसी तरह नगर के प्राचीन सुप्रसिद्ध मां बिजासन मंदिर की रंगाई पुताई का और सजावट का कार्य कर नवरात्रि में माता के आगमन की तैयारी पूरी हो चुकी है। नगर का मां बिजासन माता मंदिर अति प्राचीन होने के साथ-साथ नगर व आसपास के लोगों के आस्था का केंद्र है वैसे तो यहां बारह महीने भक्त दर्शन करने आते रहते हैं लेकिन नवरात्रि में 9 दिनों तक माता के दरबार में भक्तों का ताता लगा रहता है नो दिनों तक रोज रात्रि को महा आरती में हजारों भक्त शामिल होते हैं और कई भक्तो द्वारा सभी दर्शनार्थियों को प्रसादी वितरण की जाती हैं।

**मंदिर क्षेत्र में रहेगी मेले की धूम:** आज से नवरात्रि पर्व शुरू होने जा रहा है जिसको लेकर सभी ने अपनी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। नवरात्रि में नौ दिनों तक मां बिजासन माता मंदिर परिसर के बाहर मेले का आयोजन भी होता है जिसको लेकर अभी से खेलकूद और मनोरंजन की दुकानें लगना शुरू हो गई है उक्त मेले में झूला,चकरी, मिकी माउस आदि बच्चों के मनोरंजन के कई चीजे मेले में लगाने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, 56 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित



**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी की नगरी में रक्तदान महादान मित्र मंडल के तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में रक्त वीरों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्त महादान मित्र मंडल संस्थापक मोहनसिंह सूर्यवंशी ने बताया कि रविवार को नगर के मां बगलामुखी मार्ग स्थित रैन बसेरा पर सामाजिक संस्था रक्तदान महादान मित्र मंडल के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत आगर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 56 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। वहीं शिविर में रक्त वीरों को प्रशंसा प्रमाण पत्र भी संस्था द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### भंडारा स्थल पर हुआ अग्नि पूजन

## मां बगलामुखी के आंगन में पीतांबरा सेवा समिति का भंडारा आज से होगा प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा स्थल पर आज से प्रारम्भ हो रही शारदीय नवरात्रि के दौरान संचालित होने वाले निःशुल्क भंडारे के लिए अग्नि पूजन किया गया। रविवार दोपहर 2 बजे भंडारा स्थल पर समिति सदस्यों द्वारा विधि-विधान से अग्नि पूजन कर भट्टी को प्रज्ज्वलित किया गया। नवरात्रि पर्व के दौरान पीतांबरा सेवा समिति द्वारा मां के आंगन में निःशुल्क भंडारा आज से प्रारंभ होगा जिसमें प्रतिदिन हजारों माता भक्तों द्वारा भोजन प्रसादी का लाभ लिया जाएगा।

भंडारे का शुभारंभ मां बगलामुखी को छप्पन भोग लगाकर कन्या पूजन एवं कन्या भोज के साथ होगा। मां बगलामुखी मंदिर के समीप वर्ष की दोनों नवरात्रि के दौरान नगर की सामाजिक संस्था पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा मंदिर के समीप स्थित परिसर में दर्शनार्थ बाहर से आने वाले भक्तो के लिए निःशुल्क भंडारा संचालित किया जाता है। वर्षों से संचालित यह भंडारा नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलता है। जिसमें प्रतिदिन 20 से 25 हजार भक्त भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। वही रविवार के दिन यह संख्या काफी अधिक रहती है।

**मातारानी को छप्पन भोग लगाकर किया जाएगा कन्या भोज:** इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के दौरान 22 सितंबर को नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रातः 10 बजे माँ बगलामुखी को छप्पन भोग लगाने के बाद भंडारा परिसर में कन्या पूजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में नगर की कन्याओं द्वारा भाग लिया जावेगा। उसके पश्चात निःशुल्क भंडारा प्रारम्भ होगा। इसके पूर्व भंडारा परिसर में कलश स्थापना की जाएगी। इस बार एक तिथि की वृद्धि होने से नवरात्रि का पर्व 10 दिनों तक मनाया जाएगा। नवरात्रि के संपूर्ण 10 दिनों तक माता रानी के चित्र के सम्मुख हवन किया जाएगा। पीतांबरा सेवा समिति द्वारा संचालित यहां भंडारा पर्व के 10 दिनों तक ही संचालित रहेगा। भंडारे में पर्व के अंतिम दिन कन्या भोज का कार्यक्रम भी होगा, जिसमें नगर सहित अन्य स्थानों की कन्याओं द्वारा बड़ी संख्या में भाग लिया जाएगा।

## ब्राह्मण सेवा समिति ने किया यज्ञशाला निर्माण

### एक साथ 120 जजमान हवन अनुष्ठान कर सकेंगे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना को लेकर हवन अनुष्ठान किए जाते हैं। जहां हवन कुंडों की कमी के कारण उन्हें घंटो इंतजार करना पड़ता है। इसी के चलते ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा मंदिर परिसर में 53 हवन कुंड की एक यज्ञशाला का निर्माण किया गया है जिससे भक्तों को अधिक इंतजार नही करना पड़े।

पुरोहित एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र शास्त्री ने बताया कि ब्राह्मण सेवा समिति ने पूर्व में भी परिसर में यज्ञशाला का निर्माण किया गया था जिनके हवन कुंड वर्षाकाल में जीर्ण शीर्ण होकर खंडित हो गए थे। अब पुनः शारदीय नवरात्रि महापर्व के पूर्व समिति द्वारा मंदिर परिसर में ही 53 हवन कुंड की एक यज्ञशाला का निर्माण किया गया है। शास्त्री ने बताया कि दोनों बार किए गए निर्माण में लगभग साढ़े तीन लाख रुपये की राशि समिती द्वारा खर्च की गई है। उक्त 53 हवन कुंड को मिलाकर अब मंदिर परिसर में कुल 120 हवन कुंड हो गए हैं जिनकी बुकिंग मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति की ऑफिशियली वेबसाइट से ऑनलाइन की जा सकती है। हवनकुंड की संख्या बढ़ने से अब परिसर में एक साथ 120 जजमान हवन अनुष्ठान कर सकते हैं। शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान यज्ञशाला में 24 घंटे हवन अनुष्ठान के कार्य सम्पन्न होंगे।

## नगर से नेशनल खेलने वाले प्रथम खिलाड़ी बने प्रतीक बीजापारी



**कानड़।** नगर की तरफ से आट्या पाट्या नेशनल खेलने वाले प्रथम खिलाड़ी बने प्रतीक बिजापारी। आट्या पाट्या भारत का एक पारंपरिक पारंपरिक मैदानी खेल है, जो विशेष रूप से महाराष्ट्र में लोकप्रिय है। इसमें दो टीमें होती हैं जिनमें प्रत्येक में नौ खिलाड़ी होते हैं। खेल के मैदान में एक लंबी उभी पाट्या और नौ आडवी पाट्याएं (रक्षा पाट्याएं) होती हैं। खेल में एक टीम के खिलाड़ी दूसरी टीम के खिलाड़ियों को छूकर आउट करने की कोशिश करते हैं, जबकि दूसरी टीम के खिलाड़ी उन्हें हुलकाते हुए बचकर निकलने का प्रयास करते हैं। प्रतीक बिजापारी पुत्र नायब सूबेदार अजय बिजापारी निवासी कानड़ ने श्री संस्कार स्कूल एकेडमी आगर मालवा की तरफ से खेलते हुए नेशनल चैंपियनशिप में भाग लिया जो कि महाराष्ट्र के मलकापुर में दिनांक 19 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।महाराष्ट्र,पांडिचेरी,जम्मू कश्मीर, केरल,कर्नाटक,तमिलनाडु और मध्य प्रदेश। मध्य प्रदेश का पहला मुकाबला कर्नाटक से हुआ जिसमें की मध्य प्रदेश की टीम हार गई दूसरा मुकाबला जम्मू कश्मीर से हुआ जिसमें की मध्य प्रदेश की टीम विजय हुई और तीसरा मुकाबला महाराष्ट्र की टीम से हुआ जिससे कि मध्य प्रदेश की टीम काफी संघर्ष करने के बाद हार गई जिससे कि आप सभी जानते हैं कि यह महाराष्ट्र का लोकप्रिय एवं पारंपरिक खेल है मध्य प्रदेश की टीम में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करते हुए उनसे कड़ा मुकाबला किया इस टीम में प्रतिभागी इंदौर जिला एवं आगर मालवा जिले से थे। प्रतीक बीजापारी को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए उनके स्पोर्ट्स टीचर अंकित खजुरिया जालखा वाले का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 750 लोगों ने पितरों का तर्पण कर पिंडदान किया

## सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर प्रज्ञा कुंज आमला में श्राद्ध तर्पण का सामूहिक कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





श्रीराम आरण्यक प्रज्ञा कुंज आमला में सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध तर्पण का कार्यक्रम हुआ। आयोजन में 750 लोगों द्वारा दो पारी में अपने पितरों का तर्पण कर पिंडदान किया गया। प्रज्ञा कुंज आमला आश्रम पर 21 सितंबर सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के पावन पर्व पर आमला आश्रम के व्यवस्थापक राधेश्याम गामी, रलायता वाले भगतजी, राधेश्याम रावतिया आदि के द्वारा सामूहिक श्राद्ध तर्पण का आयोजन प्रातः 8 बजे से संपन्न करवाया गया।

प्रज्ञा कुंज आमला के समिति सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति पर पितृ ऋण होता है। इसलिए श्राद्ध तर्पण करना और पितरों से आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु श्रद्धा भाव से अपने पितरों, मित्रों, ऋषियों, स्वतंत्रता संग्राम सैनी को तथा देश की रक्षा में शहीद हुए वीर सैनिकों के लिए तर्पण कार्य गायत्री परिवार हर वर्ष वैदिक पद्धति से मंत्रौचार के साथ संपन्न कराते आ रहे हैं। श्राद्ध तर्पण के इस आयोजन में पूजन सामग्री, थाली, लोटा आदि समिति द्वारा प्रदान किए जाते हैं। तर्पण के इस आयोजन श्रद्धालु पीली धोती व महिलाएं पीली साड़ी पहन कर भाग लेती हैं। श्राद्ध कर्म उपरांत सभी के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रखी जाती है।



रविवार सर्व पितृ अमावस्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में इस वर्ष पितृ ऋण से मुक्ति के लिए 750 लोगों द्वारा दो पारी में वैदिक पद्धति से मंत्रौचार के साथ पितरों के निमित्त तर्पण कर पिंडदान किया गया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम उपरांत सभी की भोजन प्रसादी का कार्यक्रम भी रखा गया।

## शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर सजा मां बगलामुखी का दरबार

**नलखेड़ा।** सोमवार से शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्रि प्रारम्भ हो रही है। इसको लेकर नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी का दरबार आकर्षक रूप से सजकर तैयार हो चुका है। शारदीय नवरात्रि पर्व पर प्रतिदिन सिद्धपीठ पर हजारों की संख्या में दर्शनार्थी पहुंचेंगे। भक्त विभिन्न तरीकों से मां की आराधना में लीन रहेंगे।



महापर्व को लेकर माता रानी का दरबार आकर्षक रूप से सजाया गया है। इंदौर के पुनीत सिंह सरदार टेंट हाउस के मालिक द्वारा मंदिर परिसर का निःशुल्क आकर्षक डेकोरेशन किया गया है, जो मंदिर परिसर में चार चांद लगा रहा है। माता रानी के भक्तों के सौजन्य से परिसर में लगा कपड़े का डोम अपनी अलग ही छटा बिखेर रहा है। वहीं आकर्षक विद्युत सज्ज़ा बरबस ही भक्तों का ध्यान आकर्षित करेगी। रंग बिरंगे फव्वारे अपनी अलग ही छाप छोड़ेंगे। आकर्षक साज सज्ज़ा के चलते इस बार मंदिर में प्रवेश के साथ ही भक्तों को आध्यात्मिकता के साथ ही मन को सुकून देने वाला वातावरण मिलेगा।

**खबर संक्षेप**

## धर्मपथ संस्था ने कराया तर्पण और श्राद्ध कर्म



**देवास।** सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के पावन अवसर पर संस्था धर्मपथ द्वारा मां शिप्रा तट पर द्वितीय वर्ष भी सामूहिक तर्पण एवं श्राद्ध कर्म कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने पूर्वजों के साथ-साथ देश के लिए शहीद हुए वीर योद्धाओं तथा असमय काल के गाल में समा गए जनों की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में लगभग 300 यजमानों ने अपने पूर्वजों के निमित्त तथा राष्ट्र एवं हिन्दू समाज के लिए बलिदान देने वाले वीरों के प्रति सामूहिक तर्पण और पिंडदान कर कृतज्ञता व्यक्त की। श्राद्ध एवं पितृ पूजन का मुख्य अनुष्ठान पंचमुखी धाम के महंत 108 श्री कृष्ण गोपाल दास महाराज के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। पितृ पूजन एवं कर्मकांड का संचालन विद्वान आचार्य पंडित जितेंद्र कुमार गर्ग (ब्रह्माजी), मांगलिया द्वारा विधिपूर्वक कराया गया। इस अवसर पर भाजपा देवास के जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, कांग्रेस नेता चंद्रपाल सिंह 'छोटू भैया' सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। संस्था धर्मपथ के अध्यक्ष वासुदेव परमार के आह्वान पर कार्यकर्ताओं राहुल हरोड़े, रोहित चौहान, धीरज सोलंकी, राहुल माली, खुशाल हरोड़े, सुमेर प्रजापति, विजय चौहान, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेश चौहान, गौतम परमार, अथर्व हरोड़े, संदीप राठौर, केशव बारोड़, ललित गोयल, विकास चौहान, धनराज परमार आदि—के अथक प्रयास से यह पूजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पूजन के पश्चात सभी यजमानगण एवं उपस्थित जनों ने शिशु मंदिर शिप्रा परिसर में प्रसाद स्वरूप सामूहिक भोजन ग्रहण किया।

### सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एमएसीटी पोर्टल का शुभारंभ मध्यप्रदेश न्याय पालिका के लिए किया

# मोटर दुर्घटना में पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा दिलाने मप्र उच्च न्यायालय की पहल पर सर्वोच्च न्यायालय ने लगाई मुहर

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण इस प्रणाली की करेगा सतत निगरानी, दावेदारों तक मुआवज़ा राशि बिना विलंब पहुंचाना है मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा "दावेदार प्रतिपूर्ति एवं जमा प्रणाली हेतु डैशबोर्ड ₹मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल" का शुभारंभ, नई दिल्ली में एनएएलएसए (नालसा) मुख्यालय पर रविवार को मध्यप्रदेश न्यायपालिका के लिए किया गया। मोटर दुर्घटना पीड़ितों को शीघ्र और पारदर्शी मुआवज़ा दिलाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, एनएएलएसए ने रविवार को नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) हेतु दावेदार प्रतिपूर्ति एवं जमा प्रणाली के डैशबोर्ड का शुभारंभ किया। यह पहल सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 22 अप्रैल 2025 के आदेश (सुओ मोटू रिट याचिका (सिविल) सं. 7/2024) के अनुपालन में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा विकसित की गई है।

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि ई-कोर्ट्स प्रोजेक्ट के सेंट्रल प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अथवा उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार (कंप्यूटर/आईटी) को संबंधित राज्य सरकारों की सहायता से ऐसा डिजिटल डैशबोर्ड विकसित करना होगा, जो एक केंद्रीय भंडार के रूप में कार्य करेगा। इस पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 एवं कर्मचारी (वर्कमेन) क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अंतर्गत दिए गए मुआवज़े से संबंधित राशि और विवरण नियमित रूप से अपलोड किए जाएंगे।



### कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथि

इस अवसर पर न्यायाधीशों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें शामिल थे, जिनमें न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति आलोक अराधे, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन, प्रशासनिक न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति विवेक रूसिया, न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति आनंद पाठक, न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति मिलिंद रमेश फड़के, न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय उपस्थित रहे। इस अवसर को और गरिमामयी बनाने हेतु धर्मेन्द्र सिंह, रजिस्ट्रार जनरल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय; भारत पराशर, सदस्य सचिव, एनएएलएसए; कुलदीप कुशवाह, रजिस्ट्रार, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय; एवं अरविंद श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सहित अनेक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### यह एक सार्थक कदम

शुभारंभ अवसर पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि"यह मंच न्याय प्रदाय प्रणाली को तेज़, सरल और आम नागरिकों के लिए अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। दुर्घटना से पीड़ित परिवारों को पहले से ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में उन्हें न्याय पाने के लिए विलंब या जटिल प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना चाहिए। मध्यप्रदेश न्यायपालिका ने इस प्रणाली को शीघ्र और प्रभावी रूप से लागू करके अनुकरणीय कार्य किया है, जो अन्य राज्यों में आदर्श स्थापित करता है।

### प्रणाली से होने वाले लाभ

इस पहल से नागरिकों को बीमा कंपनियों अथवा जिम्मेदार पक्षों द्वारा मुआवज़े की ऑनलाइन जमा सुविधा, दावेदारों के बैंक खातों में सीधे धनराशि का अंतरण — बिचौलियों की आवश्यकता समाप्त, डैशबोर्ड पर वास्तविक समय में ट्रैकिंग — जमा एवं मामले की स्थिति आसानी से उपलब्ध, ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के दावेदारों को विशेष लाभ मिलेगा, जिन्हें अक्सर न्यायालय पहुँचने या मुआवज़ा प्राप्त करने में कठिनाई होती है।

### प्रदेशभर में न्यायाधीशों ने देखा कार्यक्रम

इस उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मध्यप्रदेश के सभी जिलों और तहसीलों की अदालतों में न्यायाधीशों द्वारा देखा और सुना गया। देवास जिले में यह कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जहाँ जिला मुख्यालय में पदस्थ सभी न्यायाधीश कॉन्फ्रेंस कक्ष में एकत्रित होकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने।

### बिना विलंब मिलेगी मुआवजा राशि

इस एप्लिकेशन का शुभारंभ ई-कोर्ट्स परियोजना में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो न्यायपालिका की आधुनिकीकरण, पारदर्शिता और नागरिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करता है। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण इस प्रणाली की सतत निगरानी करेगा, ताकि मुआवज़ा राशि दावेदारों तक बिना विलंब के पहुँचे।

## 'सेवा पखवाड़ा' अभियान अंतर्गत कार्यक्रम हुए आयोजित

**देवास।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिन 17 सितम्बर से प्रदेश में शुरू हुए 'सेवा पखवाड़ा' अभियान अंतर्गत जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत नगर परिषद सोनकच्छ द्वारा स्वच्छता पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सामूहिक भागीदारी से सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की जा रही है। इसी के साथ महिला सशक्तिकरण सहित अन्य गतिविधियां भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही हैं। सेवा पखवाड़ा अभियान 02 अक्टूबर गांधी जयंती तक निरंतर चलेगा। अभियान के तहत जिले की स्कूलों में साफ-सफाई का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता एवं नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई जा रही है। स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# नवरात्रिः शक्ति की भक्ति का पर्व आज से होगा शुरू माता टेकरी पर लाखों की संख्या में पहुंचेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नवरात्रिः भक्ति की शक्ति का पर्व आज से होगा शुरू, माता टेकरी पर लाखों की संख्या में पहुंचेंगे भक्तदेवास। भक्ति की शक्ति का पर्व नवरात्रि आज से प्रारंभ होगा। माँ शारदीय नवरात्रि का नौ दिवसीय पवित्र पर्व 22 सितम्बर को घटस्थापना के साथ ही शुरू हो जाएगा। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। विश्वभर में प्रसिद्ध माता टेकरी पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। जिलेभर में मां भगवती की घट स्थापना शुभ मुहूर्त में बड़ी धूमधाम से की जाएगी।

शहर में सार्वजनिक पंडाल वाले अधिकांश आयोजकों ने माँ की आकर्षक प्रतिमाएं विराजित करने के लिए पूर्ण तैयारी कर ली है। नवरात्रि का पर्व श्रद्धालु मां की भक्ति में रमकर मनाएंगे। शहर में नवरात्रि पर्व के दौरान विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन भी होंगे। नवरात्रि प्रारंभ होते ही माता चामुंडा, मां तुलजा भवानी के दरबार में भक्तों का तांता लगना शुरू हो जाएगा। भक्तिमय नौ दिनों में माता टेकरी पर दूर-दूर से लाखों भक्त माता के दर्शन करने के लिए आते हैं। कयास लगाए जा रहे है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार माता टेकरी पर श्रद्धालु भक्तों की संख्या काफी अधिक रहेगी। जिसको देखते हुए प्रशासन ने माता टेकरी पर पूरी तरह से चाक चौबंद व्यवस्था की है। माता टेकरी पर भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है, वहीं नगर निगम कर्मचारियों द्वारा माता टेकरी के चारों और भक्तों की सुविधा के लिए साफ सफाई की गई। प्रशासन ने माता टेकरी पर भारी भीड़ के आने का अनुमान लगाते हुए छोटी माता चामुंडा के दर्शन के दौरान नया प्लान तैयार किया है।

# पहले सोनकच्छ और अब भौरासा नगर में पूर्व विधायक की इंट्री, दो वर्ष बाद पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा ने की सोनकच्छ के भौरासा नगर में अचानक वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

रविवार को नगर भौरासा में अचानक से भाजपा के पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा की भौंरासा नगर में इंट्री हुई और इंट्री भी ऐसी हुई की वह लगभग 2 से 3 घंटे नगर में लोगों से मिलते रहे। उन्होंने कई भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के घर पहुंच कर हाल-चाल जाने और नगर के पत्रकारों से चर्चा की।

जब पत्रकारों ने नगर में हो रही विद्युत कटौती व अन्य मुद्दों पर चर्चा की तो उन्होंने देवास जिला एमपीईबी के अधिकारी एसी केतन रायपुरिया से दूरभाष पर चर्चा की, जिस पर से देवास जिला अधिकारी ने तुरंत सोनकच्छ व भौरासा विद्युत मंडल अधिकारी से चर्चा कर विद्युत




कटौती को सुधार करने की बात कही। वही रविवार को अचानक से पूर्व विधायक वर्मा के आगमन से नगर में कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे है।पूर्व विधायक वर्मा ने रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर सोनकच्छ विधानसभा के प्रति गहरा भावनात्मक जुड़ाव को व्यक्त करते हुए कहा की सोनकच्छ मेरा मायका है जिस प्रकार एक महिला अपने सुख दुख की बात मायके में बताती है ठीक उसी प्रकार सोनकच्छ के साथ उनका रिश्ता है।

वर्मा ने पिछले दो वर्षों तक क्षेत्र से दूरी बनाए रखने के कारण स्पष्ट करते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव में पार्टी और जनता ने तय किया था कि उनके स्थान पर डॉ. राजेश सोनकर को टिकट दिया जाए। वर्मा ने बताया कि वह भौरासा आने की सोच ही रहे थे कि उन्हें पता चला की पूर्व भाजपा पार्षद कैलाश कुमावत के पुत्र पूर्व एल्डरमैन मनोहर कुमावत का आकस्मिक निधन हो गया है। वहीं भाजपा पार्षद प्रतिनिधि विनोद डोडिया के भतीजे का भी निधन हो गया।

इसी तरह कुलाला ,बुधासा, सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में शोक संवेदना व्यक्त करने भी पहुंचे। पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा ने परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। वर्मा ने स्पष्ट किया कि मुझे किसी भी पद की लालसा नहीं है। सोनकच्छ क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश सोनकर सोनकच्छ क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन जी यादव के नेतृत्व में सोनकच्छ में में काफी विकास हो रहा है।

## सर्वपितृ अमावस्या पर शिप्रा घाटों पर रही श्रद्धालुओं की भीड़

**देवास।** सर्व पितृ अमावस्या के अवसर पर रविवार को शिप्रा नदी में स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही नदी के घाटों पर लोगों की भीड़ देखी गई। पुलिस प्रशासन ने शिप्रा नदी के दोनों घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था की थी। हाल ही में हुई बारिश के कारण नदी में पर्याप्त जल स्तर बना हुआ था। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ नदी में स्नान किया। कई लोगों ने पंडितों से पितृ शांति के लिए तर्पण भी करवाया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नर्मदा के साथ-साथ शिप्रा नदी में स्नान के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे। आयोजन से पहले घाट पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। शिप्रा बचाओ समिति के राजेश बराना ने बताया कि देवास के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने शिप्रा में स्नान किया।



### दशहरा कृषि कला और औद्योगिक प्रदर्शनी के आयोजन स्थल में किया परिवर्तन

# राम रहीम नगर के सामने लगेगा मीना बाजारः महापौर






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाली दशहरा कृषि कला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी मीना बाजार का आयोजन पूर्व में तय स्थल बीमा रोड़ सीबीएसई शिशु मंदिर स्कूल मुखर्जी नगर के पास भारी वर्षा होने से अत्यधिक कीचड़ व जलजमाव होने की स्थिति में राधागंज राम रहीम नगर के सामने की भूमि पर आयोजित होगा।

प्रदर्शनी के आयोजन के संबंध में मीना बाजार स्थान परिवर्तन व अन्य आयोजनों को लेकर सम्पन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में तय स्थल मुखर्जी नगर मे जो स्थान मीना बाजार के लिये चयनित किया गया था। गत दिनों हुई भारी बारिश के कारण स्थल पर जलजमाव व अत्यधिक कीचड़ की स्थिति निर्मित होने से स्थान परिवर्तन किया गया तथा मीना बाजार शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर प्रारंभ होने की तिथि को भी कुछ दिवस हेतु आगे बढाया गया है क्योकि नवीन स्थल पर स्टॉल निर्माण के साथ ही विद्युत व अन्य आवश्यक तैयारियों मे समय लगेगा।

महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल द्वारा ली गई बैठक मे प्रदर्शनी मे अन्य गतिविधियों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों के साथ ही शालीय स्तर पर खेलकूद स्पर्धाओं का भी आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी मे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, अखिल भारतीय मुशायरा एवं स्थानीय लोगों को बढावा देने के लिये स्थानीय कवि सम्मेलन, मुशायरा के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगें।

आयोजित हुई बैठक मे विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिह बैस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षद राजा अकोदिया, महेश फुलेरी, निगम वित्त एवं लेखा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय पडियार, योजना एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबु यादव, पार्षद प्रतिनिधि रामचरण पटेल, अजबसिह ठाकुर, निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, दिनेश चौहान स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, उपयंत्री जीवन रावत, पलक श्रीवास्तव,प्र.राजस्व अधिकारी राम ठाकुर, संजय सांगते, गिरजेश शर्मा, उमेश चतुर्वेदी, निर्मल कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

इसके पश्चात महापौर महापौर के द्वारा नवीन स्थल पर आयोजित होने वाले मीना बाजार के स्थल का निरीक्षण किया गया तथा प्रदर्शनी मे किए जाने वाले कार्यो को द्रुतगति से करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# अमावस्याः चंद्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ ने लगाई आस्था की डुबकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

अमावस्या के अवसर पर रविवार के दिन चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थ स्थल पर स्नान के लिए पहुंचने लगे।

इस दौरान लंबी वाहनों की कतारे भी देखी गई। जानकारी अनुसार रविवार को श्राद्ध अमावस्या पर स्नान का बहुत महत्व माना जाता है और उसी के चलते प्राचीन चन्द्रकेश्वर तीर्थ स्थल पर क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु तीर्थ स्थल पहुंचे। जहां पर कुंड में स्नान करने के बाद चंदेश्वर महादेव का पूजन किया। इस दौरान यहां पर कई प्रकार की तांत्रिक क्रियाएं भी देखने को मिली। जानकारी अनुसार इस दौरान 50 हजार से अधिक यात्रियों ने यहां पर स्नान किया एवं यात्रियों के वाहनों की लंबी-लंबी कतारें यहां देखने को मिली। पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता यहां पर लगा रहा। वहीं पंचायत द्वारा यहां पर व्यवस्था की गई थी।

## खबर संक्षेप



### वन दरोगा रहस्यमय तरीके से लापता

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर में एक वन दरोगा के लापता होने का मामला सामने आया है। थाना कोतवाली क्षेत्र की निवासी प्रियंका सिंह ने अपने पति गनेशराम सिंह, जो कि वन विभाग में वनरक्षक (वन दरोगा) के पद पर तैनात हैं, की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गनेशराम सिंह दिनांक 20 सितंबर 2025 को अपनी ड्यूटी पर वन विभाग ललितपुर के लिए निकले थे। लेकिन इसके बाद से वे घर वापस नहीं लौटे और उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। परिजनों द्वारा सभी संभावित स्थानों और रिश्तेदारों से संपर्क किया गया, लेकिन कहीं से भी कोई सुराग नहीं मिला।पत्नी प्रियंका सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए पुलिस प्रशासन से पति की खोजबीन कराए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अब तक किसी भी माध्यम से पति की कोई सूचना नहीं मिल पाई है। थाना कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

### लोहे की सब्बल से हमला करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरौदाडांग निवासी सुनीता पत्नी जगदीश चंदेल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार की रात करीब 12.10 बजे वह अपने घर में लेटी थी, तभी गांव के महेन्द्र सिंह पुत्र प्रतिपाल सिंह ठाकुर उसके घर में जबरन घुस आये और हाथ में लोहे की सब्बलियां लिये हुये थे। आरोप है कि लोहे की सब्बल उसने जब छीनने का प्रयास किया तो उन्होंने उसके सिर में सब्बल मार दी, जिससे वह घायल हो गयी। बताया कि चीखपुकार सुनकर बचाने आयी उसकी सास अतल पत्नी जानकी के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर विवेचना शुरू कर दी।

### पत्नी को भगा ले जाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** थाना जाखलौन के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी पत्नी मायके में थी और उसकी मां का पुश्तैनी जेवर पहने हुये थी और शिवपुरी के थाना खनियाधाना अंतर्गत ग्राम देखो निवासी छोटू पुत्र नृपतिया उसकी पत्नी को मायके से ही बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 84 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### चंदेल समाज की जिला कार्यकारिणी का गठन

**ललितपुर।** अमझरा स्थित चंदेल आश्रम में चंदेल समाज की बैठक वनवारीलाल चंदेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष शिवकुमार चंदेल, महासचिव शंकर चंदेल, संरक्षक बनवारीलाल, मोहन चंदेल, आशाराम, मुन्नालाल, रमेश आचार्य, कालीचरण, इन्दल, कोषाध्यक्ष मानसिंह चंदेल, सह कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश, उपाध्यक्ष रवि चंदेल, कंछेदीलाल, मंत्री प्रभदुयाल, रामपाल, रामेश्वर, सुरेन्द्र सिंह, सचिव शंकर सिंह, राजेश, मनोज, आनंद सिंह, राजू, प्रीतम, हरनारायण, ब्लाक अध्यक्ष व महामंत्री और सदस्यों में रामकिशन, सुखनंदन, सौरभ, अंशु चंदेल, मानसिंह, राजीव, नरेन्द्र, बालकिशन, रामकिशन कोमल, आधान, गोपाल सिंह, श्यामसुंदर को शामिल किया गया। कार्यकारिणी गठन उपरान्त सहमति बनी कि आने वाले समय में शिक्षा पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाएगा। कहा गया कि आज का युवा यदि पढ़ाई में आगे होगा तो समाज की पहचान और प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। बच्चों और युवाओं को पढ़ाई-लिखाई से जोडऩे के लिए विशेष अभियान चलाए।

## इलाइट चौराहा पर प्रदर्शनकारियों ने लगाया जाम, उच्च स्तरीय जांच की मांग

# शव रखकर पुलिस पर लगाए आरोप पैरोल पर पुत्र, पिता को दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





उन्नीस सितम्बर को बजाज फाइनेंस कम्पनी में 1 करोड़ 71 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला रामनगर निवासी शिवम राठौर को जेल भेज दिया था। अगले दिन शिवम राठौर के पिता 56 वर्षीय लक्ष्मीनारायण राठौर का शव सीमावर्ती मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ के एक होटल से बरामद हुआ ।

परिजनों ने पुलिस प्रताडऩा से आजिज आकर लक्ष्मीनारायण राठौर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से मृतक की जेब से दो पत्र भी बरामद किया गया था, जो कि चर्चाओं का विषय बना। सूचना मिलने पर परिजनों ने टीकमगढ़ पहुंच कर शव प्राप्त कर ललितपुर वापस आ गये थे। रविवार को अंतिम संस्कार करने के पहले परिजनों ने इलाइट चौराहा पर शव रखकर प्रदर्शन करते हुये प्रकरण को लेकर कोतवाली में तैनात एक उप निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुये पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग उठायी है। गौरतलब है कि जिले में बजाज फाइनेंस कम्पनी में 1.71 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस जांच कर रही थी। परिजनों के मुताबिक अनुसार जांच के दौरान कम्पनी की मोहर बनाने वाले शिवम राठौर को पुलिस ने बीती 17 सितम्बर 2025 को हिरासत में ले लिया था, जिसके दो दिन बाद 19 सितम्बर को कोतवाली पुलिस ने शिवम राठौर को एक अन्य आरोपी के साथ जेल भेज दिया था। इस प्रकरण को लेकर टीकमगढ़ के सिविल लाइन क्षेत्र में रबर मोहर की दुकान संचालित कर रहे शिवम राठौर के पिता लक्ष्मी नारायण राठौर ने गायत्री होटल के कमरा नम्बर 106 में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच करने पहुंची टीकमगढ़ पुलिस ने मृतक के पास से दो पत्र भी बरामद किये, जिनमें ललितपुर कोतवाली में तैनात एक उप निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाये गये हैं, जबकि दूसरे पत्र में जिला प्रशासन को सूचित करना बताया जा रहा है।

### सीसीटीवी कैमरे की फोटो से जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है

प्रजावाणी का परिजनों ने बताया उनके घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए पुलिस को चाहिए था सीसीटीवी कैमरे की फोटो से जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है परिवार ने यह भी आरोप लगाया की इजाजतकारी को उनके द्वारा 50000 देने की बात तय हुई थी मगर मांग अधिक होने के कारण व्यवस्था करने में असमर्थ है घटना को लेकर आम चर्चा है की यह सारे प्रकरण की जांच न्यायिक मजिस्ट्रेट अगर की जाती है तो सारा मामला जनता की समस्त क्लियर हो जाएगा वरना की स्थिति में ओके घटना को लेकर पुलिस की छवि आम जनता की नजर में खराब हो रही है।

## बुंदेलखंड विकास सेना ने धरना दिया

# खाद की हो रही कालाबाजारी जिम्मेदार मौन: टीटू कपूर

**ललितपुर।** विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में बुन्देलखण्ड विकास सेना के कार्यकर्ताओं ने खाद की किल्लत और कालाबाजारी के विरोध में कंपनी बाग में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस मौके पर ललितपुर समेत पूरे प्रदेश में खाद की कमी और अन्नदाता किसानों में मचे हाहाकार को लेकर गहरी चिंता और रोष व्यक्त किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि पूरे प्रदेश में अन्नदाता किसानों में खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। किसानों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल रही है। जमाखोर जमकर कालाबाजारी कर रहे हैं तथा जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंखें मूंदे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा ललितपुर उ. प्र. का सबसे पिछड़ा और संसाधन विहीन जिला है। यहाँ की आजीविका का मुख्य साधन कृषि और कृषि पर आधारित व्यवसाय है। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि पिछले दो माह से हो रही अनवरत मूसलाधार बारिश के कारण लगभग 75 फीसदी किसानों ने खरीफ की बुआई नहीं कर पायी तथा जिन 25 फीसदी किसानों के किसी तरह बुआई कर भी ली तो उनकी फसल अनवरत हो रही मूसलाधार बारिश से पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों को उम्मीद की किरण अब आने वाली रबी की फसल पर नजर आ रही है इसलिए वो अभी से खाद बीज के इंतजाम में लग गये हैं। परन्तु खाद के नाम पर अन्नदाता किसानों को निराशा मिल रही है।

### जिलाधिकारी खाद की आपूर्ति शीघ्र ही सुनिश्चित कराएं

बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि जिलाधिकारी संज्ञान लेकर खाद की आपूर्ति शीघ्र ही सुनिश्चित करायें अन्यथा की स्थिति में बु. वि. सेना उग्र आंदोलन छेड़ने को विवश हो जायेगी इस मौके पर बुन्देलखण्ड विकास सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया, महेन्द्र अग्निहोत्री, जिला कमांडेन्ट सुधेश नायक , कदीर खां, हनुमत हलवाई ,नंदराम कुशवाहा, रामस्वरूप, रति राम, लल्लूसिंह, खेमचंद कुशवाहा, सचिन कुमार, रामकुमार, राहुल राजपूत, रामेश्वर, मानसिंह राजपूत, मनोज पटेल, कमल विश्वकर्मा, प्रेमशंकर गुप्ता, आर्यन रजक, संजय विश्वकर्मा, सोवरनसिंह राजपूत, श्रीराम, अमरसिंह बुन्देला , पुष्पेन्द्र सिंह , लालचंद रजक, श्रीराम, भजनलाल, बलराम, टिंकू सोनी, विक्की सोनी, गफूर पेन्टर, रवि रैकवार एड. रूपसिंह , सुरेश झा, रामसहाय राठौर, देवेन्द्र राजा, सुखबीर सिंह , खुशाल बरार, आनंद सेन, तखत सिंह, राम सेवक,विकास राजा, परमार सिंह, प्रकाश, बलवीर सिंह, दीपक सेन , भरत पटेल, कैलाश, विनोद साहू, जगदीश झा, विकास आनंद सेन , संजू मिस्त्री , प्रदीप राठौर , बब्लू साहू , प्रदीप साहू , आशाराम गौरव विश्वकर्मा, कामता भट्ट सुनील कुमार, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे ।

## कोर्ट के आदेश व पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज

# ससुराली ने दहेज में पांच लाख रुपए की मांग करते हुए बहू को घर से निकाला

**ललितपुर।** मड़ावरा थानान्तर्गत पावर हाऊस के पास मोहल्ला टौरिया निवासी नीलेश पुत्री देशराज ने एसीजेएम न्यायालय में दावा दायर किया है। बताया कि उसकी शादी 23 मई 2020 को महरौनी के ग्राम अजान निवासी राजेन्द्र पुत्र चन्द्रभान के साथ पूरे हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुयी थी। शादी में उसके पिता ने पांच लाख रुपये नकद, एक मोटर साइकिल और जेवरात के साथ गृहस्थी का सामान दिया था। बताया कि शादी के दहेज से ससुराली खुश नहीं थे। अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुये पति राजेन्द्र, ससुर चन्द्रभान पुत्र छोटेलाल, सास सुखवती, देवर महेन्द्र पुत्र खुशीराम, चाचा ससुर खुशीराम, कौशल्या पत्नी महेन्द्र ने पांच लाख रुपये लाने की बात की। विरोध करने पर ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित करते हुये यातनाएं दीं और आये दिन मारपीट की जाने लगी। पीड़िता ने बताया कि उसे ससुरालियों द्वारा दो महीने पहले ससुराल से निकाल दिया गया और बिना दहेज के वापस न आने की धमकी दी गयी। बताया कि 20 अगस्त 2025 को 2 बजे वह अपने पिता के यहां मड़ावरा में थी। तब सास सुखवती, देवर महेन्द्र, खुशीराम व कौशल्या उसके घर आये और अतिरिक्त दहेज की मांग न करने पर कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने की धमकी देते हुये मारपीट करने लगे। शोरगुल सुनकर आसपड़ौस के लोग मौके पर पहुंचे, तब उक्त लोगों ने उसे तेल डालकर मार डालने की धमकी दी। मामले की शिकायत पीड़िता ने थाने में की, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। तदोपरान्त एसपी को भी रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी। लेकिन कार्यवाही न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। अब न्यायालय के आदेश पर मड़ावरा पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3), 85 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकद्दमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## प्रजापति समाज की बैठक में नव चयनित सम्मान समारोह संपन्न

# नव चयनित प्रजापति समाज के माते व मुखिया को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



प्रजापति समाज के श्रीमंदिर शंकरजी महाराज प्रबंधक जिला प्रजापति समाज समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन अध्यक्ष हरचरण प्रजापति बाबा रहे। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों से नव चयनित प्रजापति समाज के माते व मुखिया को समिति द्वारा फूल-माला व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हरचरण प्रजापति ने सभी नव चयनित प्रतिनिधियों से प्रजापति सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। इस दौरान विभिन्न पंचायतों से नव चयनित पदाधिकारियों में पंचायतों से भी समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

समारोह के अंत में यह संकल्प लिया गया कि प्रत्येक प्रतिनिधि अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में समाज के सदस्यों को जागरूक करने का कार्य करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में संरक्षक हरप्रसाद प्रजापति, मुन्नालाल प्रजापति, सचिव भगवानदास, मोहन प्रजापति, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रजापति, संगठन मंत्री गणेश प्रजापति, ऑडिटर हृदेश प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी अमित प्रजापति की विशेष उपस्थिति रही। इस मौके पर मुकेश प्रजापति, पूरन, प्रकाश, श्रीराम, अवधेश, जयकुमार, सदस्य मौजूद रहे।

# महिला पुलिस बल को जागरुक कर अभियान के क्रियान्वयन के निर्देश

## 'मिशन शक्ति फेज- 5.0' को लेकर एसपी ने कहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महिला पुलिस बल को जागरूक कर, अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश । मो मुश्ताक द्वारा पुलिस लाईन्स, ललितपुर के मीटिंग हॉल में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम के सम्बन्ध में मिशन शक्ति केन्द्र, जनपद ललितपुर की सभी महिला पुलिस अधि/कर्म गण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । रिजर्व पुलिस लाईन्स, में थानों पर तैनात मिशन शक्ति केन्द्र, महिला अधि/कर्मगण को महिला अपराधों व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 , सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 के बारे मे जागरूक करने दिशा-निर्देश दिए गये।

### संगीतमय श्रीराम कथा आयोजन 24 सितंबर से

**ललितपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर गोविन्द सागर बांध की तलहटी में स्थित श्रीसर्वेश्वर धाम आश्रम पर आगामी 24 सितम्बर दिन बुधवार से संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। ब्रह्मलीन श्री दिगम्बर नागा श्री अमावसगिरी महाराज के कृपा पात्र शिष्य अनन्त विभूषित जगतगुरू स्वामी डा.कृष्णगिरीजी महाराज द्वारा श्रीराम कथा का अमृतपान कराया जायेगा। श्रीराम कथा के मंगलयम आयोजन में सर्वप्रथम श्रीगणेश पूजन व कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी। नौ दिनों तक अपराह्न 1 से शाम 5 बजे तक अनवरत चलने वाली श्रीराम कथा का 1 अक्टूबर 2025 को विश्राम होगा। कथा विश्राम दिवस पर हवन पूजन, कन्या भोज किया जायेगा। यह जानकारी आयोजक/मुख्य यजमान धर्माचार्य, प्रान्तीय उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू महासभा महामण्डलेश्वर गिरीश बाबाजी महाराज ने दी है।

# खिरकापुरा से पकड़े गए दो जुआरी, दो भागे

**ललितपुर।** सदर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक प्रशांत राणा ने बताया कि वह अपने हमराह चेतन 06 में तैनात आरक्षी सूरज सिंह व पीआरडी भरत के साथ शान्ति व्यवस्था को लेकर मोहल्ला चौबयाना बड़े मंदिर के पास गश्त पर थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग खिरकापुरा स्थित शंकरजी मंदिर के पास ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलने पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर पहले रेकी की और यकीन होने पर दविश दे दी। दविश के दौरान मौके से दो जुआरियों को पकड़ लिया, जबकि दो भागने में कामयाब रहे। पकड़े गये जुआरियों ने अपने नाम मोहल्ला खिरकापुरा निवासी विवेक कुशवाहा पुत्र खूबचंद्र व करन कुशवाहा पुत्र सिरनाम कुशवाहा बताया। जबकि भागे हुये जुआरियों के नाम खिरकापुरा के ही निवासी अशोक कुशवाहा पुत्र चिप्पे व नरेन्द्र पुत्र चिप्पे बताये गये हैं। पुलिस ने जामा तलाशी के दौरान 480 रुपये व माल फड़ से 1150 रुपये और ताश के गड्डी बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### व्यापारी आत्महत्या प्रकरण में आज सौंपेंगे ज्ञापन

बजाज फाइनेंस कम्पनी के प्रकरण में शहर के सम्मानित व्यापारी शिवम राठौर की गिरफ्तारी और उनके पिता लक्ष्मी नारायण राठौर द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर अब उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल आगे आया है। मण्डल के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग के लिए 22 सितम्बर दिन सोमवार को सुबह 11 बजे एक आवश्यक बैठक श्रीजगदीश मार्केट स्थित कार्यालय में आयोजित की जा रही है। इस बैठक के उपरान्त व्यापारी एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक ज्ञापन उनके कार्यालय पहुंच कर सौंपेगा। उन्होंने सभी नेताओं और व्यापारियों से एकजुट होकर मामले की निष्पक्ष जांच और व्यापारी को न्याय दिलाये जाने के लिए ज्ञापन देने के लिए पहुंचने का आह्वान किया है।

## 3 अक्टूबर तक चलेगा मंचन

# वृंदावन की रामलीला का 56वां आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर के तत्वावधान में वृन्दावन की सुप्रसिद्ध रामलीला का 56वां भव्य आयोजन 22 सितम्बर से किया जा रहा है, जो कि 3 अक्टूबर तक अनवरत रूप से चलेगा। श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर परिसर में आयोजित रामलीला के आयोजन को लेकर श्रीलक्ष्मी नृसिंह रामलीला समिति की ओर से बताया जा रहा है कि 22 सितम्बर को लीला का शुभारंभ होगा, जिसमें नारदमोह व रावण दिग्विजय की कथा होगी। अगले दिन 23 सितम्बर को श्रीराम जन्म, ताड़का-सुबाहू वध, 24 सितम्बर को जनकपुर अवलोकन, पुष्प वाटिका प्रसंग, 25 सितम्बर को धनुष यज्ञ, रावण-वाणासुर संवाद, परशुराम-लक्ष्मण संवाद, 26 सितम्बर को श्रीराम विवाह, वनगमन, केवट प्रसंग, 27 सितम्बर को दशरथ मरण, श्रीभरत मिलाप, 28 सितम्बर को मारीच वध, सीताहरण, राम-सुग्रीव मित्रता, 29 सितम्बर को बाली वध, सीताजी की खोज, लंका दहन, 30 सितम्बर को विभीषण शरणागति, सेतुबंध, अंगद-रावण संवाद, 1 अक्टूबर को लक्ष्मण शक्ति, कुम्भकरण वध, मेघनाथ वध, सती सुलोचना, 2 अक्टूबर को रावण वध (दशहरा) और अंतिम दिवस 3 अक्टूबर को भरत मिलाप, राज्याभिषेक और श्रीरामलीला का समापन किया जायेगा। इस भव्य और दिव्य कार्यक्रम के आयोजक महन्त गंगादासजी महाराज ने सभी जनपदवासियों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझाने के लिए हुआ निर्वाचन

# उप्रावि अड़वाहा कम्पोजिट की प्रधानमंत्री बनी मोहिनी

## शिक्षकों ने बच्चों को मिष्ठान खिलाते हुये तिलक लगाकर किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बच्चों में लोकतंत्र की महत्वत्ता को समझाने और लोकतंत्र की गरिमा को बताने के लिए बच्चों के बीच चुनावी प्रक्रिया को अपनाया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय अड़वाहा कम्पोजिट में बच्चों की संसद का गठन गोपनीय मतदान निर्वाचन प्रक्रिया के द्वारा किया गया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने मतदान किया। इसके पूर्व जिन बच्चों ने प्रधानमंत्री पद के लिए अपनी-अपनी दावेदारी पेश की, उन बच्चों ने भाषण द्वारा अपना-अपना प्रचार-प्रसार किया।

तदोपरान्त गोपनीय मतदान प्रक्रिया के द्वारा सभी बच्चों ने प्रधानमंत्री पद के लिए मतदान किया गया। मतदान के फलस्वरूप कक्षा 8 की छात्रा मोहिनी ने सर्वाधिक मत प्राप्त किये। मोहिनी को विद्यालय की प्रधानमंत्री पद के लिए निर्वाचित किया गया। अनुराग को उप प्रधानमंत्री पद के लिए निर्वाचित किया गया। इसके अतिरिक्त मंत्रीमण्डल में शिक्षा मंत्री पद के लिए रूचि, सांस्कृतिक मंत्री पद के लिए राधिका, खेल मंत्री पद के लिए सुन्दरी, पुस्तकालय मंत्री के लिए निकिता, विज्ञान मंत्री के लिए बॉबी एवं स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री के लिए साहिल और मथुरा को निर्वाचित किया गया। सभी नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं को, विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती अन्नपूर्णा गोस्वामी ने मुंह मीठा कराते हुये तिलक लगाकर उत्साहवद्र्धन किया। इस चुनाव प्रक्रिया में सभी अध्यापकों के मार्गदर्शन व उपस्थिति में सम्पन्न किया गया।

### किसान न्याय यात्रा की सभा में केंद्र व प्रदेश सरकार पर गरजे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष

# कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए कर्ज ले रही है भाजपा सरकार: जीतू पटवारी

### *नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी सहित वरिष्ठ इंकाजन रहे मौजूद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कांग्रेस पार्टी द्वारा शनिवार को राजगढ़ मुख्यालय पर किसान न्याय यात्रा एवं वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यात्रा के पूर्व स्थानीय मंगल भवन में आयोजित सभा में सैंकड़ों किसानों व इंका कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर जमकर गरजे। उन्होंने कहा कि फसल बीमे के नाम पर न केवल राजगढ़ बल्कि बल्कि पूरे प्रदेश में किसानों के साथ धोखा किया गया है। बीमा राशि के रूप में किसी किसान के खाते में 100 तो किसी के 200 रुपए आए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तिलिस्म अब टूटता जा रहा है। प्रदेश सरकार पर लगातार बढ़ते जा रहे कर्ज को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है कि कैसे प्रदेश का कर्ज कम करूं, अधिकारियों के साथ बैठूं और प्रदेश को कर्ज से मुक्ति दिलवाने का प्रयास करूं। लेकिन इस भाजपा सरकार में तो पूरा प्रदेश लगातार कर्ज में डूबता जा रहा है। लेकिन यहां तो प्रदेश की भाजपा सरकार कर्ज लेकर उस कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए कर्ज ले रही है।






#### जिले से दो-दो मंत्री फिर भी गरीब परेशान

पटवारी ने आगे कहा कि भाजपा सरकार में राजगढ़ जिले से दो मंत्री बनाए गए हैं। लेकिन मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि इनके मंत्री बनने से जिले को क्या नई उपलब्धि मिली या किसानों को क्या फायदा हुआ। हमारे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह हैं जो महज अभी राज्यसभा के सांसद हैं इसके बावजूद उनका व्यक्तित्व राजगढ़ के विकास और सेवा में कमी नहीं रखता है।

#### किसानों को दोगुनी आय तो नहीं पर लाठियां जरूर मिलीं

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम किसानों की आय दोगुनी करेंगे। किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई पर उन्हें लाठियां जरूर खानी पड़ रही हैं। आज प्रदेश का युवा परेशान है। लाड़ली बहनों से वादा किया गया था कि उन्हें 3 हजार रुपए प्रतिमाह देंगे लेकिन सिर्फ 1250 रुपए ही दिए जा रहे हैं। सिंघार ने कहा कि आपके जिले के मंत्री ठीक से पढ़ नहीं पाते। उन्होंने विधानसभा में एक आंकड़ा प्रस्तुत किया था उसी से समझा जा सकता है कि जिसे पढ़ना नहीं आता क्या आप उन्हें फिर से जिताएंगे।

#### 2028 में जाने वाली है भाजपा की सरकार

पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस भाजपा सरकार के काम ऐसे हैं कि 2028 के विधानसभा चुनावों में इनकी बिजली गुल होने वाली है। उन्होंने कहा कि कई सालों से प्रदेश की मंडियों में चुनाव नहीं करवाए गए क्योंकि चुनाव करवाने से भाजपा के दलालों का धंधा बंद हो जाता। हर जगह भाजपा के दलाल बैठे हुए हैं। सभा को कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह सहित वरिष्ठइंकाईयोंए पूर्व विधायक सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

यात्रा में लगे वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे सभा उपरान्त किसान न्याय निकाली गई जो बाईपास होते हुए कलेक्टेट पहुंची। यहां अपनी मांगों से संबंधी ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया।

**खास बातें**

- सभा के पूर्व किया गया गौ पूजन।
- निर्धारित समय से 2 घंटे देरी से शुरू हुई सभा।
- सभा में कई किसान बर्बाद सोयाबीन के पौधे लेकर पहुंचे।
- जिले की एक विधानसभा में लाखों का जुआ चलने का आरोप।
- पुख्ता रही पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था।
- यात्रा के दौरान इंका जिला उपाध्यक्ष रघु परमार की तबीयत बिगड़ी।
- परमार को आईसीयू में किया गया भर्ती, कलेक्टर, एसपी पहुंचे।

### बाल विवाह एक अभिशाप विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

## सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरुकता के लिए ग्रामवासियों से किया संवाद



**सारंगपुर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को शासकीय स्वामी विवेकान्द महाविद्यालय में सामाजिक कुरीतियों के प्रति ग्राम वासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम काकरिया मीना में बाल विवाह एक अभिशाप विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाल विवाह जैसी कुरीतियों समाज के लिए अभिशाप है इस बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रीतम गुनवा ने कहा कि बाल विवाह कानूनी अपराध है।

बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह के लिए वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ अरुणा सोलंकी ने कहा कि बाल विवाह से लड़कियों की शिक्षा बाधित होती है और इन्हें भविष्य में करियर के अवसर नहीं मिल पाते हैं। कार्यक्रम प्रभारी डॉ अर्चना वर्मा ने बाल विवाह को लड़कियों के जीवन कल्याण और भविष्य के लिए बड़ा खतरा बताया। इस संवाद कार्यक्रम में डॉ विमल लोदवाल, डॉ वसीम शेख, डॉ फारूक पठान एवं महाविद्यालय छात्र छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत हिंदी साहित्य पर केंद्रित प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रमो की श्रृंखलाओं का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ममता खोईया के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहे हैं।

प्रश्न मंच कार्यक्रम में विद्यार्थियों की पांच टीमों में विभाजित कर विभिन्न विधाओं से संबंधित प्रश्न मंच का आयोजन किया गया कार्यक्रम में टीम। प्रथम स्थान पर रही जिसमें ज्योति रुहेला बीएससी प्रथम वर्ष, ज्योति सेन बीएससी प्रथम वर्ष, निकिता रुहेला बीएससी प्रथम वर्ष रही। कार्यक्रम का संचालन प्रोण्प्रीतम गुनावा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ विमल लोदवाल, डॉ मो वसीम शेख, डॉ अर्चना वर्मा, डॉ अरुणा सोलंकी, डॉ दीपिका जोशी, डॉ फारूक पठान एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## नगर परिषद खुजनेर ने नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की



**खुजनेर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत को नगर परिषद खुजनेर द्वारा नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत शासकीय मॉडल स्कूल में नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसने समस्त विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति एवं नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को बताया साथ ही स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में जागरूक किया गया। अभियान में प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया। इसी श्रृंखला में स्वच्छता निबंध लेखनए स्वास्थ्य परीक्षणए श्रम दान आदि कार्य कराए जाने हैं, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा प्राचार्य अशीष गुप्ता समस्त स्कूल स्टाफ एवं समस्त नगर परिषद स्टाफ उपस्थित रहे।

### धीरे धीरे लुप्त होती जा रही है यह धार्मिक परंपरा

## संझावली के रूप में लोक संस्कृति को जीवंत रख रही कन्याएं

**राजगढ़।** पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण एवं आधुनिकीकरण की दौड़ में हम प्राचीन भारतीय परंपरा और संस्कृतियों को भूलते जा रहे हैं। इन परंपराओं के पीछे न केवल धार्मिक बल्कि कई वैज्ञानिक कारण भी जुड़े हुए हैं। इन्हीं परंपराओं में से एक संझावली है जिसे ग्रामीण सहित नगरीय क्षेत्रों की कई बालिकाएं एवं किशोरियों जीवंत करने के प्रयासों में जुटी हुई हैं।



संझावली के लिए शाम के लिए कन्याएं एवं किशोरियां पारंपरिक लोकगीतों के साथ अपने घर की दीवारों पर गोबर या रंगों से संझावली तैयार करती हैं। बाद में संझावली माता को विभिन्न तरह के प्रसादों का भोग भी अर्पित किया जाता है। भाटपुरा गांव निवासी सलोनी राणावत एवं रागिनी राणावत ने बताया कि आधुनिक दौर में हम कितने भी आगे निकल जाएं लेकिन हमें अपनी प्राचीन संस्कृति, परंपरा एवं लोक कलाओं को नहीं बिसरना चाहिए।

#### एक पखवाड़े तक बनाई जाती है संझावली

संझावली को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। श्राद्धपक्ष के पहले दिवस से घरों की दीवारों पर बालिकाओं द्वारा गोबर या रंगों से विभिन्न तरह के चित्र उकेरे जाते हैं। श्राद्धपक्ष के समापन उपरान्त अमावस पर कोट बनाते हुए पूजा.अर्चना कर विसर्जन किया जाता है। बहुदा कुंवारी कन्याओंए बालिकाओं द्वारा संझावली बनाई जाती है ताकि उन्हें अच्छा वर मिले एवं परिवार में सुख, शांति, समृद्धि का आगमन हो।

### शिव महिमा प्रसंग का किया रसपान



**जीरापुर।** नगर के अटल चौक में आयोजित अंतिम दिवस की शिवमहापुराण कथा में पंडित अनुराग शर्मा आचार्य ने संगीतमय शिव प्रसंगों का चित्रण कर बताया कि धर्म संस्कृति हमें अच्छाई का रास्ता बताती है, लेकिन वर्तमान समय में मोबाइल में कुछ बच्चे ऐसे व्यस्त रहते हैं जो हमारे त्यौहार की पुजा अर्चना श्राद्ध में पूर्वज पूजा सेवा में जाने से कतराते हैं, जबकि हमें आवश्यकता है हमारे धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाने की हमारे नगर के आसपास अनेकों धार्मिक स्थल सुंदरकांड समितियां है जो धर्म की ओर प्रेरित हमें करती है उनसे बच्चों को जोड़े ताकि बच्चों में भारतीय संस्कृति सहित धार्मिक आस्था बढ़े ऐसा आव्हान किया। बिलेश्वर महादेव की महिमा बताते हुए कहा कि शिवरात्रि सोमवार प्रदोष काल में यदि विलेश्वर महादेव का अभिषेक करते हैं तो बिलेश्वर महादेव उनकी मनोकामना पूरी करते हैं। इस आयोजन में प्रमुख रूप से नगर परिषद सीएमओ हरीओम शर्मा, राकेश गुप्ता भानपुरा, उपाध्यक्ष हेमन्त जोशी, विष्णु जोशी, समाजसेवी दिनेश जमींदार, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पं अनुराग शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खो-खो प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर छात्र का हुआ चयन




**जीरापुर।** महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र देवेंद्र नाथ का खो खो प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर चयन हुआ। छात्र देवेंद्रनाथ पिता श्रीनाथ कक्षा 11वीं ने राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ में आयोजित हुई जिसमे अपनी टीम के साथ मिलकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। देवेंद्र हमेशा से खेल मे रूचि रखकर बड़ चढ़ कर हिस्सा लेता आ रहा है संस्था परिवार ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर ए संचालक शिवचरण दांगी ने छात्र का उत्साह वर्धन के लिए बेच एवं प्रमाण पत्र दिया। खेल शिक्षक महेंद्रसिंह, रामेश्वर बरदानिया, दिलीप राठौर, राजेश शर्मा, पवन दांगी, रामेश्वर हरदनिया, संजय गोंड़, शैलेश जुलानिया, कृष्णपाल, राधेश्याम, कमल सिंह किरार, अंकुश भावसार, कृपाल सोलंकी, तय्यबा कुरैशी आदि शिक्षक शिक्षिकाओ ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गेहूंखेड़ी रोड पर पुलिया के पास से एक तस्कर गिरफ्तार, पांच किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने एक युवक को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके पास से 5 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 70 हजार रुपए बताई जा रही है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा को सूचना मिली थी कि एक युवक बड़ी मात्रा में गांजा लेकर गेहूंखेड़ी रोड पुलिया की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी के बैग की तलाशी लेने पर उसमें से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजकुमार जाटव (35) निवासी पुरनपुरा गली नंबर-3, विदिशा के रूप में हुई है।



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## आठ पेटी अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने आठ पेटी अवैध शराब और हुंडई कार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मुखबिर की सूचना पर बाईपास अहमदपुर रोड पर दबिश देकर पुलिस ने एक हुंडई कार को रोका। मौके पर 2 आरोपी भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी बृजेश लोधी (28), निवासी चक पाटनी, ग्यारसपुर, अतुल शर्मा (23) निवासी ग्राम नादौर ग्यारसपुर के पास से देशी प्लेन शराब 8 पेटी जब्त की गई है।



## बाराद्वारी से पांडव चौराहे तक सड़क का निरीक्षण, 10 मीटर होगी चौड़ाई



**नरसिंहगढ़।** नगर में बन रही सिटी पोर्सन सड़क निर्माण का शनिवार को विधायक मोहन शर्मा ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान बाराद्वारी से पांडव चौराहे तक नागरिकों की समस्याओं को देखते हुए सड़क की चौड़ाई कम किये जाने का निर्णय लिया गया। जानकारी के अनुसार करीब 24 करोड़ रुपये की लागत बन रही इस सड़क की चौड़ाई 55 फीट प्रस्तावित थी, लेकिन बाराद्वारी क्षेत्र में लोगों की संपत्ति को अधिक नुकसान होने की आशंका को देखते हुए सड़क की चौड़ाई घटाकर 10 मीटर कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने और जल्द निर्माण कार्यों को पूरा किए जाने के निर्देश दिए। विभाग के ईई दीपक उपाध्याय, एसडीओ अरुण कुमार श्रीवास्तव सहित आमजन मौजूद थे।

## सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर आयोजित, 40 यूनिट रक्त संकलित



**नरसिंहगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को सिविल अस्पताल परिसर में विधानसभा स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर की शुरुआत में विधायक मोहन शर्मा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान एक महादान हैए जिससे अनेक जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाया जा सकता है। आयोजन में विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, भरत झवर, नितेश अग्रवाल, कपिल वैध सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे। शिविर में 40 यूनिट रक्त संकलित किया गया। जिसे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदायी रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। जिले से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किया।

### स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत नप सुठालिया का अभियान

## सुठालिया के अलग अलग वार्डों में हुई साफ-सफाई

**सुठालिया।** शनिवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत सुबह 10 बजे वार्ड क्रमांक 13, 14, 15 परलापुरा मुक्ति धाम में लगे पौधों की कांट छांट पेवर ब्लॉक की स्वच्छता सेवा पखवाड़े अभियान अंतर्गत श्रमदान एवं सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी रईस खान के निर्देश अनुसार स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता ही सेवा नोडल कुलदीप सिंह राठौरए पार्षद प्रतिनिधि रामबाबू कुशवाह पत्रकार मुकेश नामदेव सहायक नोडल दीपेश नामदेवए जनभागीदारी से मनोज वर्मा देवेंद्र कुम्हार, सहित नपा कर्मी सफाई कर्मचारी श्रमदान कर सफाई कार्य किया साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े अभियान ओर प्रधान मंत्री आवास योजना 2025 के अंतर्गत योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों को ऑनलाइन आवेदन करवाए जाने के लिए घर घर संपर्क अभियान भी किया गया।




## नगरपालिका ने किल्ले वाले घाट व शहीद कॉलोनी की सफाई करवाई



**ब्यावरा।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर पालिका ब्यावरा द्वारा नगर के किल्ले वाले घाट एवं शहीद कॉलोनी स्थित कचरे के ढेर की समुचित साफ सफाई कराई गई। 18 सितम्बर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद के निर्देशन में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर पालिका ब्यावरा के स्वच्छता अमले द्वारा इन्दौर नाका स्थित किल्ले वाले घाट एवं शहीद कॉलोनी में कचरे के ढेर की समुचित साफ सफाई कराई गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर में साफ सफाई का कार्य स्वच्छता सेवा पखवाड़ा की कार्य योजना अनुसार सुचारू रूप से निरन्तर जारी रहेगा।

## एसबीएस कॉलेज तलेन में निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

एसबीएस महाविद्यालय तलेन एवं पुलिस प्रशासन तलेन के तत्वावधान में नि शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाने शिविर शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें 300 से अधिक छात्राओं ने अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन किया। जिसमें थाना प्रभारी मेहताब सिंह चैहान ने यात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर तथा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के निर्देश दिए। उक्त कार्यक्रम में का संचालन गायत्री प्रजापति ने किया तथा कॉलेज संचालक नंदकिशोर यादव ने आभार व्यक्त किया। छात्र छात्राओं को यातायात के नियम से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में तलेन थाने से स्टाफ एवं महाविद्यालय से अंकित शर्मा, प्रीतम विश्वकर्मा, गोविंद प्रजापति, हरिओम लववंशी, लखन कुशवाह, निकिता यादव उपस्थित रहे।